## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–13 जनवरी 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ शुरू हुआ महाकुंभ दो हजार पच्चीस, कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बीच महाकुंभनगर में श्रद्धालु सुबह से ही कर रहे हैं स्नान और पूजा पाठ।
- महाकुंभ के दौरान चौबीस घंटे काम करेंगे रेलवे के वार रुम्स, सस्ती हेलीकॉप्टर सेवा से देखा जा सकेगा महाकुंभ का नजारा
- केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने महाकुंभनगर में कल शाम किया कलाग्राम का उद्‌घाटन, कहा– सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का उत्सव है महाकुंभ मेला।
- गोरखपुर महोत्सव के समापन समारोह में मुख्यमंत्री ने पांच विभूतियों को **गोरखपुर रत्न** सम्मान से किया सम्मानित, आठवीं बार सफल महोत्सव के आयोजन पर जताई प्रसन्नता।
- राष्ट्रीय युवा दिवस पर मुख्यमंत्री ने पीआरडी जवानों को पांच सौ रुपये प्रतिदिन के हिसाब से ड्यूटी भत्ता देने की घोषणा की।

**********

पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ महाकुंभ दो हजार पच्चीस आज से शुरू हो गया है। यह छब्बीस फरवरी तक चलेगा। कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बीच श्रद्धालु आज सुबह से ही महाकुंभनगर में स्नान के साथ घाटों पर पूजा अर्चना भी कर रहे हैं। एक सौ चौवालिस वर्षों के बाद केवल एक बार होने वाला दुर्लभ खगोलीय संयोग इस बार के महाकुंभ की विशेषता है। पैंतालिस दिनों तक चलने वाले महाकुंभ के पहले दिन देश भर से आए लाखों श्रद्धालुओं के साथ विदेशी श्रद्धालु भी संगम में स्नान कर रहे हैं। महाकुंभ में की गई व्यवस्था के प्रति श्रद्धालुओं ने प्रसन्नता जताई है। महाकुंभ में आए एक श्रद्धालु विजय कुमार ने बताया कि–

**व्यवस्थाएं तो बहुत अच्छी हैं। हर एक चीज के लिए। रहने के लिए दिया हुआ है, खाने के लिए, घूमने के लिए, सब कुछ। अच्छे अच्छे बनाए हुए हैं**

महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। आरएएफ, पुलिस और सीआरपीएफ के जवान मुस्तैद हैं। मेला क्षेत्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का कल से ही आना शुरू हो गया था। कल शाम त्रिवेणी संगम तट पर संध्या आरती की गई। साथ ही महाकुंभनगर में श्रद्धालुओं के लिए लेजर शो का भी आयोजन किया गया।

**********

महाकुंभ में तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों की सुविधा के लिए रेलवे तीन हजार तीन सौ विशेष रेल गाड़ियों सहित दस हजार से ज्यादा ट्रेनें चला रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल नई दिल्ली में रेलवे द्वारा महाकुंभ के लिए तैयार किये गये वार रूम्स के बारे में जानकारी दी।

**एक तो साइट पे वार रुम्स हैं जो कि प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर बड़ा एक वार रुम है, कुछ दिन पहले मैं गया था उसे देखने के लिए, और वैसा ही एक रेलवे बोर्ड के अंदर आज एक वार रुम नया स्थापित हुआ है, जो स्टार्ट हुआ है, ये वार रुम आप देख रहें है। सभी स्टेशन की डॉयरेक्ट फीड यहां पर एक जगह आ रही है। ये वार रुम ट्वैंटी फोर बाई सेवन महाकुंभ के पूरे पीरियड के दौरान चलेगा।**

राज्य सड़क परिवहन निगम भी महाकुंभ के लिए सात हजार से अधिक बसों की सेवा मुहैया करा रहा है। इसके अलावा साढ़े तीन सौ शटल बसें मेला क्षेत्र में संचालित रहेंगी। वहीं, विभिन्न एयरलाइंस के जरिये महाकुंभ के दौरान प्रयागराज से बीस से अधिक प्रमुख शहरों का सीधा हवाई सम्पर्क रहेगा। इस अवधि में श्रद्धालु हेलीकाप्टर जॉयराइड–पवन हंस का आनंद भी ले सकेंगे। प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह सेवा श्रद्धालुओं को अब तीन हजार रूपये की जगह एक हजार दो सौ छानबे रूपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से मिलेगी।

**********

केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कल शाम प्रयागराज के महाकुंभ नगर में कलाग्राम का उद्‌घाटन किया। इस मौके पर पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि महाकुंभ मेला भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विविधताओं का ऐसा उत्सव है, जो पूरे विश्व को भारत की समृद्ध विरासत और एकता से परिचित कराता है।

***इस दिव्य अवसर को और यहां आने वाले लोगों के लिए इस अनुभव को और अधिक समृद्ध करने के दृष्टिकोण से भारत की संस्कृति का परिचय, भारत के सांस्कृतिक विविधता के सामर्थ्य का परिचय एक साथ हो सके इस दृष्टिकोण से भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने सम्माननीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से ये कलाग्राम ऐसा विकसित किया है।***

कलाग्राम को महाकुम्भ मेला क्षेत्र के सेक्टर सात में दस एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में विकसित किया गया है। इसमें देश की समृद्ध और जीवंत संस्कृति को प्रदर्शित किया जाएगा।

**( कलाग्राम में 35 फिट चौडा और 54 फिट ऊंचा ऐसा एक प्रवेश द्वार जिसमें 12 ज्योर्तिलिंगों का दर्शाया गया है। अनुभूति मंडपम जहां आप जा करके इमरशिप जोन गंगा के धरती पर अवतरण से जुडे हुए प्रसंग को 360 डिग्री स्क्रीन पर एक साथ देख सकते हैं। जो निश्चित रूप से गंगा की दिव्य अवतरण की कथा को जीवन प्रयन्त आपके मानस पटल पर अंकित करने में कामयाब हैं। अविरल सास्वत कुंभ ऐसी प्रदर्शनी के माध्यम से हमने कुंभ के इतिहास को दिखाने की चेष्टा की है।**

संस्कृति और पर्यटन मंत्री ने श्री शेखावत ने बताया कि बताया कि अगले पैंतालिस दिनों में कलाग्राम में चौदह हजार छह सौ से अधिक कलाकार प्रस्तुति देंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल आठवें गोरखपुर महोत्सव के समापन समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने देश और दुनिया में गोरखपुर का मान बढ़ाने के लिए कला के क्षेत्र में वरिष्ठ रंगकर्मी केसी सेन, कृषि–उद्यमिता के क्षेत्र में प्रगतिशील किसान और शहद उत्पादक राजू सिंह, खेल के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी शगुन कुमारी, चिकित्सा के क्षेत्र में वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. बीबी त्रिपाठी और विज्ञान के क्षेत्र में डॉ. साहिल महफूज को गोरखपुर रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने महोत्सव की महत्ता पर चर्चा की।

***महोत्सव का उद्देश्य स्थानीय नौजवानों को, कलाकारों को, कलाकृतियों को, किसानों को, उद्यमियों को और समाज से जुड़ी हुई उन विभूतियों को जिन्होंने अपने परिश्रम और पुरुषार्थ से समाज के लिए कुछ योगदान किया है। उनको प्रोत्साहित करना, उनको एक मंच उपलब्ध कराना, उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना, ये सभी कार्यक्रम एक साथ चलें और उस कार्यक्रम की श्रंखला को आगे बढ़ाते हुए ये मुझे प्रसन्नता है कि लगातार आठवें वर्ष में भी गोरखपुर महोत्सव दो हजार अठारह से लगातार पिछले सात बारों की तरह ही इस बार सफलता की नई ऊंचाई तक पहुंचने में आज यहां तक पहुंचा है।***

महोत्सव के समापन समारोह को गोरखपुर के सदर सांसद रविकिशन शुक्ल ने भी संबोधित किया।

**********

स्वामी विवेकानंद की जयंती कल राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में घोषणा की कि प्रदेश में पीआरडी के पैंतिस हजार से अधिक जवानों को पांच सौ रुपये प्रतिदिन के हिसाब से ड्यूटी भत्ता दिया जाएगा। गोरखपुर के सुभाषनगर कॉलोनी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में उन्होंने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि–

***स्वामी विवेकानंद के ज्ञान और विज्ञान के इस व्यापक समन्वय से ही प्रेरित होकर के प्रदेश में हमारी सरकार ने निश्चय किया कि उत्तर प्रदेश के दो करोड़ युवाओं को हम आधुनिक ज्ञान के साथ जोड़ेंगे। टैबलेट और स्मार्ट फोन देकर के आधुनिक तकनीक के साथ उन्हें जोड़ कर के उन्हें दुनिया के सक्षम और स्मार्ट युवा के रूप में उन्हें दुनिया के सामने प्रस्तुत करेंगे।***

प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने भी आगरा के खंदारी स्थित स्वामी विवेकानंद परिसर में कल उनकी विशाल प्रतिमा का वर्चुअल अनावरण किया। राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर प्रदेश के वाराणसी, शामली, औरेया, हरदोई, कुशीनगर, रामपुर और अमरोहा समेत कई जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किये गये।

**********

प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों के कई जिलों में कल रुक रुक कर बूंदाबांदी और कुछ स्थानों पर बारिश भी हुई। इसकी वजह से ठंड और भी बढ़ गई है। मौसम विज्ञान विभाग ने आज और कल प्रदेश के कई इलाकों में घना कोहरा छाए रहने की चेतावनी जारी की है। ठंड को देखते हुए प्रदेश के कई जिलों में जिला प्रशासन ने स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया है।

**********